卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 81 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦27 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## दिनेशपुर में पकड़ा कछुओं का जखीरा

### 293 जिन्दा प्रतिबन्धित कछुए बरामद, दो गिरफ्तार, लग्जरी कार में की जा रही थी तस्करी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर थाना पुलिस ने लग्जरी कार में दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उत्तराखण्ड में पकड़ी गयी कछुओं की यह अब तक की सबसे बड़ी खेप है। पकड़े गये तस्कर यूपी एटा मैनपुरी से कछुओं को लाकर यहां प्रति किलो के हिसाब से बेचते थे। खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने पत्रकारों को बताया कि वन्य जीवों की तस्करी और रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही के तहत थाना दिनेशपुर पुलिस ने एक



सूचना पर मिथुन गण्डल पुत्र धोष्ट बिहारी गण्डल निवासी बसन्तीपुर, थाना दिनेशपुर एवं प्रसन्नजीत गण्डल पुत्र आशीष मण्डल निवासी जगतपुरा वार्ड न0-05 ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर को एक्सूयी वाहन संख्या यूके 180 -1122 के साथ गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 6 बोरो में 293 जिन्दा प्रतिबन्धित कछुए बरामद किये। जिनका वजन करीब 284 किग्रा था। एक अभियुक्त राजू मजूमदार मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गये आरोपी पुलिस को देखते ही गाडी से उतरकर अलग-अलग होकर खेतो में भागने लगे थे जिन्हें पुलिस टीम ने खेतो में पीछा कर कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि दुर्लभ (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से युवक की मौत

चमोली(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के चमोली जिले से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है यहां चमोली के गैरसैण मार्ग पर गहरी खाई में वाहन गिरने से



एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने शव बरामद कर उसे पुलिस को सौंप दिया।मंगलवार को थाना कर्णप्रयाग क्षेत्र में गैरसैंण मार्ग पर कार संख्या यूके07 एडी-4432 अनियंत्रित होकर दो सौ मीटर खाई में जा गिरी। हादसे में 40 वर्षीय संजय सिंह रावत पुत्र दीपक सिंह रावत ग्राम सिरी, (शेष पृष्ठ सात पर)

## राजभवन ने लौटाया महिला आरक्षण बिल

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड का महिला आरक्षण बिल राजभवन से लौटा दिया गया है। कुछ तकनीकी और शब्दावलियों की गलतियों के चलते राजभवन ने सरकार का ध्यान दिलाया है और दोबारा ड्राफ्ट बनाने के लिए कहा है। राजभवन के निर्देश के अनुसार संशोधन कर बिल जल्द ही दोबारा अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। बता दें उत्तराखंड लोकसेवा (महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण) विधेयक 2022 के तहत राज्य में महिलाओं को सरकारी सेवाओं में 20 से 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। राज्य गठन के दौरान तत्कालीन सरकार ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण शुरू किया था। जुलाई 2006 में इसे 30 प्रतिशत कर दिया था। इसी साल हरियाणा की पवित्रा चौहान व अन्य प्रदेशों की महिलाओं को जब क्षैतिज आरक्षण का लाभ नहीं मिला तो उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने आरक्षण पर रोक लगा दी थी, इसके खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की। बीते 4 नबंबर 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाकर आरक्षण को बरकरार रखा। राज्य सरकार ने इस विधेयक को सदन में पास करवाकर इसे कानूनी रूप दिया था।

## सीएम ने दिया फिट रहने का मंत्र

### मसूरी विंटर लाइन कार्निवाल साइकिल रैली का किया शुभारम्भ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को तड़के मसूरी विंटर लाइन कार्निवाल के तहत साइकिल रैली में साइकिल चलाते नजर आये। इस दौरान उन्होंने युवाओं को फिट रहने का मंत्र भी दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कैम्प कार्यालय से मसूरी विंटर कार्निवाल के अंतर्गत साइकिल रैली का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मसूरी विंटर कार्निवाल पर्यटन को बढ़ावा देने वाला उत्सव है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह साइकिल रैली देहरादून से मसूरी तक



आयोजित हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खुद भी साइकिल चलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में सड़क, हवाई एवं रेल कनेक्टिविटी का (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भूरारानी क्षेत्र की सत्य नारायण कालोनी निवासी 26 वर्षीय सोनू गिरी पुत्र रोहताश गिरी मजदूरी करता था। संदिग्ध हालातों में उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। आत्म हत्या का कारण पत्नी से विवाद होना बतायाजा रहा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## फर्जी आधार कार्ड कार्ड सेंटर का पर्दाफाश

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने ऋषिकेश में एक कॉमन सर्विस सेंटर का पर्दाफाश किया है जहां पर मोटी रकम लेकर नेपाली व विदेशी नागरिकों के फर्जी आधार कार्ड पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाए जा रहे थे। एसटीएफ की ओर से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा जानकारी जुटाई जा रही है कि उन्होंने कितने व्यक्तियों का फर्जी आधार कार्ड बनाया है। एसएसपी आयुष



अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ को सूचना मिली थी कि ऋषिकेश स्थित एक जन सेवा संस्थान की ओर से मोटी धनराशि लेकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अन्य देश व राज्य के निवासियों को उत्तराखंड का निवासी दिखाते हुए फर्जी आधार कार्ड, फर्जी वोटर आइकार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाये जा रहे हैं, जोकि किसी भी व्यक्ति की ओर से राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए, मोबाइल सिम खरीदने या अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए प्रयोग किये जा सकते हैं। गोपनीय जांच शुरू की तो पता चला कि फर्जी आधार और अन्य आईईडी लक्ष्मण सैनी की ओर से अपने साथियों के साथ मिलकर बनाए जाते हैं, जोकि अपनी दुकान में सीएससी सेंटर (शेष पृष्ठ सात पर)

## कोरोना से निपटने के लिए तैयारियों को परखा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कोरोना संक्रमण की आशंका को देखते हुए शासन प्रशासन इसकी रोकथाम की



तैयारियों में जुट गया है। मंगलवार को कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए की गयी व्यवस्थाओं को मॉक ड्रिल से परखा गया। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर आमजन पर खासी भारी पड़ी थी। स्थिति यह थी कि मरीजों के लिए अस्पतालों में जगह कम पड़ गई थी। नतीजतन लोगों को घरों में ही इलाज कराना पड़ा। स्थिति यहां तक पहुंची कि घर में इलाज करने वालों के लिए बाजार में आक्सीजन सिलिंडर कम पडने लगे थे। इसे देखते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाया गया। अब चीन में कोरोना के कहर को देखते हुए शासन प्रशासन लगातार कोरोना से निपटने की तैयारियों में जुटा है। इसी को देखते हुए केन्द्र सरकार के निर्देश पर आयोजित मॉड ड्रिल में अधिकारियों ने ऑक्सीजन के साथ ही अस्पतालों में वेंटिलेटर व आइसीयू बेड के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। पंडित जवाहर लाल नेहरू जिला अस्पताल में जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाथरूम में युवक का शव मिलने से सनसनी

रामनगर(उद संवाददाता)। मंगलवार की सुबह ग्राम पीरु मदारा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे एक युवक का शव बाथरूम में मिलने के बाद इलाके में



हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मूल रूप से बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ निवासी 35 वर्षीय दीपक रावत एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था तथा अपने अन्य पार्टनर के साथ पीरुमदारा इलाके में किराए के मकान में रहता था। उन्होंने बताया कि सुबह दीपक का शव बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देने के साथ ही शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## गैंगस्टर का एक और इनामी पकड़ा

काशीपुर(उद संवाददाता)।गैंगस्टर के एक इनामी वांछित को पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही के दौरान दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। मामले का खुलासा



करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़ा गया वांछित शातिर किस्म का पशु चोर है। इसके तथा इसके साथियों के खिलाफ कुंडा (शेष पृष्ठ सात पर)




**पीपल पानी-श्रृद्धांजलि सभा**

अत्यधिक द्रवित हृदय से आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि मृत्यु की शाश्वत सत्यता के आधीन मेरे पूज्य पति **पंडित श्रीमान भोलादत्त महतोलिया जी** की शारीरिक देह 18 दिसंबर 2022 की प्रातः पंचतत्वों में विलीन हो गई। जीवन की शाश्वतता हेतु ईश्वर उनको अपने चरणों में विशिष्ट स्थान प्रदान करें और उनकी आत्मा सदैव ईश्वर के संरक्षण में रहे। इसी प्रार्थना के साथ उनकी सांसारिक यात्रा के अवसान पर **दिनांक 29 दिसंबर 2022 को अपराहन 1 बजे शिव शक्ति मंदिर ,आवास विकास रूद्रपुर** में सामूहिक प्रार्थना हेतु श्रृद्धांजलि सभा एवं भोज का आयोजन है। उनकी आत्मा सदैव आप सभी के श्रृद्धा सुमनों से सुवासित रहेगी।

**शोकाकुल परिवार**

शांति महतोलिया (पत्नी) लोकेश महतोलिया-मंजू (पुत्र-पुत्रवधु)
तारा स्वाती-मोहन पनेरु (पुत्री-दामाद) ,निवास-आवास विकास,रूद्रपुर

# एसआईटी की जांच से संतुष्ट नही प्रदेश की जनता : हरदा

## कड़ाके की ठंड में 24 घंटे गांधी पार्क में डटे रहे पूर्व सीएम हरीश रावत प्रदेशवासियों के मन में एक ही सवाल है आखिर वह वीआईपी है कौन





देहरादून(उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड के बावजूद पूर्व सीएम हरीश रावत पिछले 24 घंट से धरने पर डटे रहे। वहीं आज अंकिता भंडारी हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच के साथ ही वनंतरा रिसार्ट में आनेवाले तथाथित वीआईपी के नाम का खुलासा नहीं होने से आहत पूर्व सीएम हरीश रावत का राजधानी देहरादून के गांधी पार्क में 24 घंटे से चल रहा धरना समाप्त हो गया है। वही आधी रात तक पूर्व सीएम हरीश रावत कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथध रना स्थल पर डटे रहे। इसदौरान धरना स्थल पर अलाव जलाकर बैठे रहे। ध रना स्थल पर पहुंची महिलाओं ने अंकिता बेटी की याद में संगीत संध्या कर भजन गाये। इस दौरान पूर्व सीएम ने धरना स्थल पर भेजन किया और मीडिया कर्मियों से भी मुखातिब हुए। वहीं धरनाथल पर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार अंकिता हत्याकांड पर संवेदनहीन साबित हो रही है। आज सभी प्रदेशवासियोंके मन में एक ही सवाल है कि आखिर वह वीआईपी कौन है। लेकिन सरकार ने अंकिताको न्यय दिलाने के लिये मौन साधे हुएहै। सरकार ने एक प्रतिनिध भी नहीं भेजा जो यह पाये कि हम न्याय के लिये साथ है औिर हम उसवीआईपी को खोजकर लायेगे जबकि मेरे धरने के खिलाफ मंत्रियों की फौज को उतार दिया। जब तक सरकार की जांच ऐजेंसी वीआईपी को सामने नहीं लायेगे हम निरंतर आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की अनामिका व अन्य बेटियों को भी हमवस का शिकार होना पड़ा है। आज बेटियां अपने ही राज्य में सुरक्षित नहीं हैं। वनंतरा प्रकरण की सीबीआइ जांच व वीआइपी के नाम के पर्दाफाश की मांग को लेकर सोमवार को गांधी पार्क में चल रहे ध रना–प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री यह आरोप लगाए। दो दिवसीय धरने के पहले दिन गांधी पार्क में धरने में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्त्ता शामिल हुए। उन्होंने कहा वनंतरा प्रकरण को तीन महीने बीत गए हैं, लेकिन पुलिस वीआइपी के नाम का पर्दाफाश नहीं कर पाई है। जनता राज्य सरकार की ओर से गठित एसआइटी की जांच से संतुष्ट नहीं है। प्रकरण में बहुत से सवाल अनसुलझे हुए हैं। जैसे रिसार्ट में बुलडोजर किसके आदेश से चलाया गया? क्यों चलाया गया? रिसार्ट को सील क्यों नहीं किया गया? रिसार्ट में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दो बार आग कैसे लग गई? क्या इस लापरवाही के लिए किसी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की गई? कहा कि भाजपा सरकार में राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि वनंतरा प्रकरण के दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। इस पूरे प्रकरण की सीबीआइ जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में होनी चाहिए, ताकि वीआइपी का नाम उजागर हो सके और सत्य सबके सामने आ सके। धरने में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह कुंजवाल, हीरा सिंह बिष्ट, मंत्री प्रसाद नैथानी, संगठन महामंत्री विजय सारस्वत, राजपाल खरोला, सतपाल ब्रह्मचारी, सीपीआइ नेता समर भंडारी, एसएस पांगती, प्रकाश थपलियाल, पूर्व विधायक ओम गोपाल, सुरेंद्र अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी, पूरन सिंह रावत, वीरेंद्र पोखरियाल, गरिमा दसौनी, दर्शन लाल आदि मौजूद रहे।

# हमारा धरना सरकार के खिलाफ नहीं,देर रात तक बहनों को हटाने में मुझे बड़ी कोशिश करनी पड़ी

देहरादून। गांधी पार्क में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिये धरने पर बैठे पूर्व सीएम हरीश रावत ने मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर अपने 24 घंट के धरने की कुछ तस्वीरे साझा करते हुए बताया कि अंकिता के बलिदान से उत्तराखंड का भावनात्मक जुड़ाव इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि केवल फेसबुक पर धरने का उल्लेख करने से मात्र हजारों भाई–बहन गांधी पार्क में अपनी एक जुटता जारी करने आए हैं, कुछ लोग एक–एक, दो–दो मिनट के लिए आए मगर चंद शब्दों में अपनी भावना का गागर उड़ेल गए। रात देर तक बहनों को हटाने में मुझे बड़ी कोशिश करनी पड़ी 60–70 साल के महिला–पुरुष जो रुग्ण भी है वो भी धरना स्थल पर आए। रात कई लोग धरना स्थल पर भी मेरे साथ सोए, बेटा अंकिता ये उत्तराखंड के लोगों का तुम्हारे बलिदान के साथ समर्पण है। मुझे विश्वास है कि आगे भी उत्तराखंडी संघर्ष का यह क्रम थमेगा नहीं। हमारी अस्मिता से खिलवाड़ करने की सोच, इस संघर्ष के साथ दफन होगी, हमारा यह धरना सरकार के खिलाफ नहीं, हां भाजपा ने जरूर इसे अपने खिलाफ मान लिया है। खैर जाकी रही भावना जैसी।

# चार्जशीट दाखिल हो चुकी,जांच एजेंसी निष्पक्ष और बिना दबाव के कार्य कर रही : भाजपा

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हरदा के धरने को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि यह कांग्रेस में गुटीय संघर्ष और अस्तित्व की लड़ाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वनंतरा रिसार्ट प्रकरण में राज्य की बेटी को न्याय मिले, इसके लिए भाजपा प्रतिबद्ध है, लेकिन कांग्रेस इस दुख की घड़ी का राजनीतिक लाभ लेने की फिराक में है। उन्होंने कहा कि प्रकरण की जांच कर रही एसआइटी पांच सौ पेज की चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। सरकार और जनभावना के अनुरूप जांच एजेंसी निष्पक्ष और बिना दबाव के कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और भाजपा संगठन ने वनंतरा रिसार्ट प्रकरण को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत के धरना–प्रदर्शन पर उन्हें निशाने पर लिया है। उन्होंने इसे हरदा की राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि वे कांग्रेसी अंर्तद्वंद के बीच अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। साथ ही रावत को इस मामले में अदालत के निर्णय का सम्मान करते हुए राजनीति न करने की नसीहत दी है। वहीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, सुबोधउनियाल सहित अन्य नेताओं ने पूर्व सीएम हरीश रावत के धरने को राजनीतिक स्टंट करार दिया है।

# पुलिस ने रोकी नवनिर्वाचित अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया की विजयी रैली, समर्थक गिरफ्तार

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज छात्रसंघ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया की विजय रैली पर पुलिस ने रोक लगा दी। रैली के लिए एकजुट समर्थकों को पुलिस ने साढ़े तीन घंटे तक एक बरातघर से बाहर नहीं निकलने दिया। इस दौरान अध्यक्ष व उनके समर्थकों की पुलिस से तीखी नोकझोंक और धक्का–मुक्की भी हुई। समर्थकों ने कई बड़े नेताओं से संपर्क किया, लेकिन रैली निकालने की अनुमति नहीं दी गई। रश्मि ने पुलिस पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया।कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज की पहली छात्रा अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया ने जीत के बाद सोमवार को विजय रैली रखी थी। सुबह दस बजे कुसुमखेड़ा स्थित निजी बरातघर से रैली निकलनी थी। रैली में शामिल होने के लिए बड़ी तादाद में समर्थक बरातघर में जमा हो गए। इस बीच पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस ने बरातघर का गेट बंद कर दिया और रैली को बाहर नहीं निकलने दिया। इस दौरान समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी झड़प भी हुई। कई बार ध क्का–मुक्की की स्थिति बनी। रश्मि ने सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी और कोतवाल हरेंद्र चौधरी से रोकर–गिड़गिड़ाकर मिन्नत की, लेकिन उन्होंने अनुमति न होने का तर्क देते हुए रैली निकालने देने से इनकार कर दिया। समर्थकों ने कई बड़े नेताओं से भी सपर्क साधा, लेकिन पुलिस नहीं मानी। करीब साढ़े तीन घंटे तक रैली को रोके रखा गया। रैली पर रोक लगने से समर्थक आक्रोशित रहे। वे पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान से ही छात्रा प्रत्याशी रश्मि को परेशान करने की कोशिश की जा रही है। विजयी रैली को जानबूझकर रोका गया है। उनका कहना था कि उन्होंने रैली की अनुमति ली है। मगर उन्हें जानबूझकर रोका जा रहा है। लंबी बहस के बाद बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे रश्मि के समर्थक कुछ नरम पड़े तो पुलिस ने उन्हें गाड़ियों में भरकर नैनीताल रोड स्थित रेस्टोरेंट पहुंचाया जहां उनका जश्न मनाने का कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित था। एमबीपीजी कॉलेज की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया की विजयी रैली पर रोक के बाद समर्थकों ने नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में एकत्र होकर जीत की खुशी मनाई। समर्थकों ने जीत की खुशी में जमकर डांस भी किया। इस दौरान रश्मि को बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा।





# विधानसभा से बर्खास्त कर्मियों का धरना जारी

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा बर्खास्त कर्मीउत्तराखंड विधानसभा से बर्खास्त कर्मचारियों का धरना लगातार जारी है। अब देहरादून के डीएम और एसएसपी ने आंदोलनकारियों को विधानसभा अध्यक्ष से मिलवाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद आंदोलनकारियों ने अपना धरना स्थल बदल दिया है। वहीं सोमवार को फिर एक बार विधानसभा से बर्खास्त कर्मचारी विधानसभा भवन के सामने धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें भेदभाव पूर्ण तरीके से बर्खास्त किया गया है। जब राज्य निर्माण के बाद से लेकर अभी तक विधानसभा में भर्ती की प्रक्रिया एक ही जैसी है तो 2016 के बाद वालों पर ही कार्रवाई करना सरासर गलत तथा अन्याय पूर्ण है। कर्मचारियों का कहना है कि 2001 से लेकर 2015 के बीच नियुक्त कार्मिकों को किस आधार पर बचाया जा रहा है।वहीं मुलाकात के लिए पहुंची डीएम सोनिका के सामने कर्मचारियों का दर्द फूट पड़ा। कर्मचारियों ने डीएम को बताया कि नौकरी से हटाए जाने के बाद उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लोन की किस्त तथा बच्चों की स्कूल तथा ट्यूशन की फीस देने में कर्मचारी असमर्थ होते जा रहे हैं।विधानसभा से बर्खास्त कर्मचारियों को जिलाधिकारी सोनिका और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह कुंवर ने 3 दिन के भीतर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से वार्ता कराने का आश्वासन दिया। एसएसपी तथा डीएम से आश्वासन मिलने के बाद विधानसभा के बर्खास्त कर्मचारी निकासी गेट से हटकर डिफेंस कॉलोनी के गेट के पास अपना आंदोलन जारी रखने के लिए राजी हो गए। कर्मचारियों ने कहा है कि 3 दिन के भीतर अगर मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष से वार्ता नहीं कराई गई तो वे वापस विध ानसभा के प्रवेश द्वार के सामने अपना आमरण अनशन प्रारंभ कर देंगे।




ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# रोडवेज कर्मियों की आंदोलन की चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री ने संगठन की 27 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन उत्तराखंड परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को प्रेषित कर मांगों का शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा ही की मांगों का समाधान न होने पर संगठन आगामी 16 जनवरी से चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर देगा। प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि कर्मचारियों की समस्याओं के संदर्भ में 27 सूत्रीय मांग पत्र इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया गया था कि निगम स्तर की मांगो का द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समाधान करने एवं शासन स्तर की मांगो पर अपनी संस्तुति के साथ समाधान कराया जाए। लेकिन प्रबन्धन के स्तर से न तो किसी भी मांग का समाधान किया गया और न ही संगठन से वार्ता आयोजित की गयी। जिससे कर्मचारियों में रोष है। ज्ञापन में कहा गया है कि संगठन की प्रदेश कार्य समिति की टनकपुर में हुई बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार मांगे पूरी न होने पर उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ 16 जनवरी 2023 से 23 जनवरी तक डिपो स्तर पर प्रत्येक शाखा पर कर्मचारी काली पट्टी बाधकर सहायक महाप्रबन्धकों के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित करेंगे। द्वितीय चरण में 16 व 17 फरवरी को मण्डलीय प्रबन्धकों के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। यदि इसके उपरान्त भी कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है तो 16 मार्च को निगम मुख्यालय देहरादून में धरना कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यदि नोटिस प्राप्ति के पश्चात् प्रबन्धन द्वारा द्वेष भावना के तहत किसी कर्मचारी / सदस्य का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न किया जाता है तो आन्दोलन तत्काल प्रारम्भ कर दिया जायेगा। ज्ञापन में जिन मांगों का उल्लेख किया है उनमें सरकार द्वारा सन् 2001 में गठित लाम्बा कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक कर कमेटी द्वारा दिए गये सुझावों को लागू करने, परिवहन निगम में कई वर्षों से सेवा दे रहे संविदा / वाह्य स्रोत चालक/परिचालकों एवं तकनीकी कार्मिकों को नियमित करने, परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की नियमित पदों पर नियुक्ति पर लगी रोक हटाने एवं उन्हें नियमित नियुक्ति के आदेश निगम को दिए जाने, परिवहन निगम का बस बेड़ा पूर्व में किए गये समझौतों के अनुसार 1200 बसों का किये जाने एवं अनुबन्धित बसों का अनुबन्ध नियमानुसार निगम की कुल बसों का 20 प्रतिशत ही रखा जाने,परिवहन निगम के स्टेशनों से हो रही अवैध बस संचालन / डग्गामारी बन्द करने, परिवहन निगम द्वारा वर्तमान में विभागीय पदोन्नति के पदों यथा बीसी, कार्यालय सहायक के पदों पर उपनल के माध्यम से नियुक्ति के आदेश जारी किए गये हैं जो कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम कर्मचारी सेवा विनियमावली 2015 के विपरीत है को तत्काल समाप्त करने, कार्यालय सहायकों के पदनाम एवं ग्रेड वेतन संशोधन को स्वीकृत करने, परिवहन निगम की सम्पत्तियों को शासन / सरकार की शह पर निगम प्रबन्धन द्वारा खुर्द बुर्द किए जाने से रोकने, राज्य कर्मचारियों की भाँति निगम कर्मचारियों को भी सातवें वेतन मान के अनुसार मकान किराया भत्ता एंव अन्य भत्ते तथा मँहगाई भत्ते का 4 प्रतिशत स्वीकृत करने की मांग शामिल है।

शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को
1.रिसेप्शनिष्ट( महिला )-(1),योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट-(1)योग्यता-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. सेल्स एक्जीक्यूटिव- (25), योग्यता-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. मैनेजर- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम(कमीशन के आधार पर)
6. ड्राईवर (1) योग्यता आठवीं पास
बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।
पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,757928077[illegible]944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• मसूड़ों द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9897327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

# कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। गुरुग्राम हरियाणा में 1 से 4 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के सभी 24 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। रविवार को राधे-राधे मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम कर क्षेत्र का मान व गौरव बढ़ाने एवं क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष समर देवनाथ की ओर से सभी 24 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सूरज देवनाथ द्वारा किया गया। इस दौरान कराटे प्रतिभागियों ने स्वयं की आत्मरक्षा करने के दाव-पेंच, काता, कराटे के दौरान किए जाने वाले व्यायाम आदि प्रदर्शित किए। सम्मान समारोह में पहुंचे चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी ने कहा कि दुराचारी प्रवृत्ति के व्यक्ति हमेशा सॉफ्ट टारगेट को ही निशाना बनाते हैं। महिलाओं को निशाना बनाना उनके लिए आसान होता है। उन्होंने महिलाओं से सॉफ्ट टारगेट ना बनने एवं विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान कराटे प्रशिक्षक मधुकर सिंह, अमल मंडल, शंकर गोलदार, संजय बाछाड़, विक्रम सिंह भंडारी, शिखा हालदार, मनोज सरकार, मयंक अग्रवाल, देबू मंडल, विश्वजीत हालदार सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# विधायक अरोरा ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।शहीद उधम सिंह की जयंती के अवसर पर कराटे एसोशिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के सचिव लक्ष्मण सिंह द्वारा जेसीज पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय 5 वी ओपन कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कराटे प्रतियोगिता में जिले भर से 180 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जसपुर से लेकर खटीमा तक के खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया। वही विधायक शिव अरोरा ने कहा शहीद उधम सिंह एक महान योद्धा थे जिनका बलिदान देश कभी भूल नही सकता और उनसे ही प्रेरणा लेकर हमको राष्ट्र प्रेम राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य को निभाने के लिये सदैव तत्पर रहना चाहिए। विधायक शिव अरोरा ने सभी बच्चो को कहा हमारा प्रयास होना चाहिए हम पढ़ाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए निश्चित रूप से कराटे को लेकर रुद्रपुर ओर आस पास खासा उत्साह देखने को मिलता है हर व्यक्ति को खेल के साथ जुड़ना चाहिए । आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के चलते ओलंपिक जैसे खेलो में अच्छे सुविधा प्रशिक्षण के कारण खिलाड़ी भारत के लिये मेडल जीत के ला रहे है। इस दौरान आयोजन कर्ता द्वारा विधायक शिव अरोरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर समानित किया। प्रतियोगिता में जेसीज पब्लिक स्कूल के प्रधानचार्य सुधांशु पंत, भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़,सोनू वर्मा व अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।




# जनसेवा के लिये टीम मोदी सपोर्टर का गठन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।टीम मोदी सपोर्टर एसोशियेशन, उत्तराखंड की एक बैठक बिठौरिया, ऊंचापुल स्थित कार्यालय में आयोजित की गयी।जिसमें प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रादेशिक स्तर पर एक टीम का गठन कर उनको जनसेवा का दायित्व सौंपा गया।टीमोसए के प्रदेश अध्यक्ष अमन भट्ट ने भरतगिरी महाराज, पौडी को संयोजक, प्रमोद पांडे पिथौरागढ़, प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय सिरोहा नैनीताल प्रभारी, दीपचन्द्र पाठक नैनीताल महामंत्री, पवन कुमार, नैनीताल महासचिव, बालमसिंह अधिकारी अल्मोड़ा प्रवक्ता, हिमांशु पाण्डेय बागेश्वर संगठन मंत्री, भारत भूषण नैनीताल सहायक प्रमुख को जनसेवा का दायित्व सौंपते हुए उनसे आशा व्यक्त की वे सभी अपने अपने उत्तरदायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करते हुये टीम मोदी सपोर्टर एसोशियेशन को मजबूती प्रदान करेंगे।



# ठंड के प्रकोप से बचाव को अलाव जलने शुरू

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड और शीत लहर से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी ने नगर में सार्वजानिक स्थानो पर अलाव जलाने शुरू कर दिए नगर पंचायत कर्मचारियों ने जगह-जगह रामपुर चौराहा ,नगर पंचायत के गेट,बैंक ऑफ बढ़ोदा,होली चौराहा ,जामा मस्जिद, शिव मंदिर, कई स्थानों पर अलाव जलाये है कुछ दिनों से घने कोहरे शीत लहर के बाद अचानक ठंड बड़ गई आने बाले दिनों में शीत लहर का प्रकोप और बड़ने की संभावना है इसी को देखते हुए राहगीरों को ठंड से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत ने सार्वजानिक स्थानो पर अलाव जलाने की व्यवस्था की सर्दियों तक यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा बही अनुबंध कर लकड़ी का रेट तय कर लिया गया है जिसमें अनुबंधकर्ता अवश्यकता अनुसार तय रेट पर अलाव बाले स्थानो पर लकड़ी मुहैया कराएगा।



# छात्र संघ उपाध्यक्ष केशू दास का विधायक ने किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।डिग्री कॉलेज छात्र संघ चुनाव में छात्रा उपाध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित केशू दास आभार वक्त करने विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर पहुंची। यहां पर विधायक शिव अरोरा ने छात्रा उपाध्यक्षा को शॉल ओढ़ाकर समानित किया।विधायक शिव अरोरा ने कहा केशू दास बंगाली समाज के एक सामान्य परिवार से उठकर छात्र राजनीति में एक शानदार जीत हासिल करने में कामयाब रही। यह बहुत हर्ष की बात है। निश्चित रूप से छात्रों छात्राओं की आवाज को सदैव बुलंदी से उठते हुए एक बेहतर कार्य करने की मिसाल पैदा करेगी। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने गो रक्षा दल की पूरी टीम की सराहना की जिन्होंने इस चुनाव में केशू दास के साथ पूरी लगन से मेहनत की और इतने बड़े अंतर से जीत सुनिश्चित करवाई। इस दौरान विजय वाजपेयी, राकू सनातनी, राधे, मनोज मदान, ललित बिष्ट, अंकिता अधिकारी,शोभित यदुवंशी व अन्य लोग मौजूद रहे।



जय श्री बालाजी जय श्री राम जय श्री बालाजी
नववर्ष के उपलक्ष्य स्वर्ण चोला श्रृंगार, छप्पन भोग, विशाल भंडारा एवं भव्य एवं
श्री बाला जी दरबार
स्थान-श्री बाला जी मंदिर, दिनेशपुर
01 जनवरी,दिन रविवार प्रात: 9 बजे से
निवेदक-राजेन्द्र अग्रवाल,महत, श्री बाला जी मंडल रजि०,दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

# दलित से अभद्र व्यवहार से नाराज ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जनपद के एक सरकारी स्कूलों में जातिगत भेदभाव का मामला प्रकाश में आया है। जहां दलित समुदाय से आने वाले बच्चों को एक प्राइमरी स्कूल में मिड डे मिल खाने के दौरान सवर्ण जाति के बच्चों से अलग बैठाए जाने के आरोप लगे है। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। दरअसल, धौलादेवी विकासखंड के ग्राम थली निवासी हरीश राम बीते दिन अपने बच्चे की जानकारी के लिए स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचने पर यह मामला उनके संज्ञान में आया। जब उनके द्वारा इसका विरोध किया गया और वीडियो बनाया तो बाद में उन्हें थाने बुला लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि थाना दन्या में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा हरीश राम को डराया धमकाया गया और बंद डंडे मारकर अंदर बंद कर देने की धमकी दी गई। वही, मामले को लेकर आज ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गोपाल सिंह चौहान को सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि 21वीं सदी में भी जाति के आधार पर भेदभाव करना काफी दुखद है। मामले के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि 21वीं सदी में भी जाति के आधार पर भेदभाव करना काफी दुखद है। मामले के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपित शिक्षक व इस कृत्य में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

# वीर बाल दिवस का संदेश पूरी दुनिया को प्रेरणा देगाः राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीर बाल दिवस के अवसर पर कहा कि आज वीर साहिबजादों के त्याग, बलिदान, वीरता, साहस की महान पराकाष्टा को याद करने का दिन है, जिन्होंने अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि नन्हें साहिबजादों ने अत्याचारियों की बात न मानते हुए सिख धर्म की उस महान परम्परा को आगे बढ़ाया, जिसमें अन्यायी शासकों के सामने कभी न झुकने की महान शिक्षा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उन महान गुरूओं को याद करने का भी सुअवसर है जिन्होंने ऐसे वीर योद्धाओं को जन्म दिया। वीर बाल दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के महान बलिदानी साहिबजादे पुत्रों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने के निर्णय हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसे वीर योद्धाओं की शहादत को चिरस्थायी बनाने का महान कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह क्षण भारत के महान इतिहास में एक युगान्तकारी क्षण है, जिसे युगों-युगों तक याद किया जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि वीर बाल दिवस का संदेश पूरी दुनिया में स्वाभिमानपूर्ण, समावेशी और सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देगा। यह दिवस नई पीढ़ी को साहिबजादों के साहस, वीरता और बलिदान से अवगत कराएगा। यह दिवस करोड़ों बच्चों को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करेगा साथ ही राष्ट्र सेवा, देश और धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादों के अतुलनीय बलिदान को चिरस्थायी बनाएगा। उन्होंने कहा कि महज 6 एवं 9 साल की उम्र में दिया गया सर्वोच्च बलिदान हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। इस दौरान गुरू सिख मरजीवड़े, कीर्तन जत्था करनपुर द्वारा शबद कीर्तन, बाबा बंदा सिंह गतका दल ने सिख परम्परा की महान युद्ध कला पर आधारित गतका कला का प्रदर्शन किया। वहीं सिख परम्परा के महान इतिहास पर आधारित हिस्ट्री ऑफ फॉर साहिबजादा नाटक का भी मंचन हुआ। राज्यपाल ने गतका कला, शबद कीर्तन और नाटक प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव संस्कृति श्री हरीशचन्द्र सेमवाल, निदेशक बीना भट् सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजू ध्यानी ने किया।



# प्रीति नेगी देवभूमि की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोतः राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को रूद्रप्रयाग जिले की प्रीति नेगी ने मुलाकात की। प्रीति नेगी ने हाल ही में दक्षिण अफ्रिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर साइकिल से यात्रा पूरी की है। उन्होंने इस उपलब्धि के साथ-साथ पाकिस्तान की समर खान का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ा। प्रीति ने महज तीन दिन में साइकिल से किलिमंजारो पर चढ़ाई की। वह इससे पूर्व भी एक कीर्तिमान बना चुकी है। अक्टूबर माह में प्रीति ने केवल चार दिन में हरिद्वार से केदारनाथ तक की साइकिल यात्रा पूरी की थी।



प्रीति ने बताया अगला लक्ष्य माउंट एवरेस्ट में चढ़ाई करने का है। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वह देवभूमि की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रीति के जोश, जज्बे, बुलंद हौसले और कड़ी मेहनत पर हम सभी गौरवान्वित हैं। उन्होंने जो कीर्तिमान बनाया है, वह बेटियों के साथ-साथ युवाओं के लिए उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि माउंट एवरेस्ट में फतह करने के लिए उनकी हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने अन्य लोगों से भी प्रीति की मदद करने की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ मेजर जनरल (रि.) एम.एल. असवाल, ब्रिगे (रि.) मुकुल भण्डारी भी उपस्थित रहे।

# क्रिसमस पर धर्म संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिसमस पर्व के मौके पर मेट्रोपॉलिस मॉल में राष्ट्र के गौरवशाली अतीत पर आधारित कार्यक्रम 'आइये जानें महान भारत की गौरव गाथाष'का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में श्री अरोरा ने कहा कि हर भारतवासी को अपने गौरवशाली अतीत को ध्यान में रखना चाहिये। उन्होंने खास तौर पर युवा वर्ग से धर्म-संस्कृति और भारतीय परंपराओं के प्रति जुड़ाव का आह्वावान किया। उन्होंने



दुनिया भर में भारत की विश्व गुरु की छवि का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में अब दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। आइये जानें महान भारत की गौरव गाथा कार्यक्रम के आयोजक ललित शर्मा की प्रशंसा करते हुए विधायक अरोरा ने शर्मा को भविष्य में भी संस्कृति संवर्धन के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। साथ ही ऐसे आयोजन में अपनी ओर से यथासंभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि नीरज बत्रा, कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाज सेवी हरनाम चौधरी, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रुपाली पुरी, आशुतोष पुरी, दीपा जोशी, शालिनी बोरा, ममता त्रिपाठी, रश्मि रस्तोगी, योगेश वर्मा, हरविंदर सिंह चुघ समेत सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद थे। उपरोक्त कार्यक्रम को आयोजित करने में मेट्रोपालिस संचालक देवीलाल ने विशेष योगदान दिया। महान भारत की गौरव गाथा कार्यक्रम का संचालन कर रहे ललित शर्मा ने मौजूद दर्शकों से सनातन संस्कृति व सिख इतिहास से संबंधित अनेक सवाल भी पूछे। सवाल का सही जवाब देने वाले दर्शकों को उनके द्वारा सरप्राइज गिफ्ट भी दिये गये।



# शहीद उधम सिंह ट्रस्ट ने कुष्ठ आश्रम में वितरित किये कम्बल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महान क्रांतिकारी, जलियांवाला बाग नरसंहार का प्रतिशोध लेने वाले वीर सपूत शहीद सरदार उधम सिंह जी की जयंती साहिबजादों की शहादत को समर्पित शहीद उधम सिंह ट्रस्ट ने ठंड से बचाव के लिये रुद्रपुर के कुष्ठ आश्रम में कम्बलों का वितरण किया। इस दौरान जाकर बदला लेने वाले शहीद सरदार उधम सिंह जी के नाम पर क्षेत्र में कोई भी यादगार स्थान नही है जो कि काफी अफसोस जनक है, सबने एक स्वर में महान क्रांतिकारी पुरजोर मांग की। इस दौरान सरदार जसबीर सिंह उप्पल, गुरुद्वारा ओमेक्स सोसायटी के अध्यक्ष सरदार मनमोहन सिंह कामरा, सरदार अमरजीत सिंह खरबंदा,



व मानवीय अधिकारों की रक्षा हेतु देश धर्म के लिये कई दर्दनाक यातनाएं सहकर शहीद होने वाले महान संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि देश में जलियांवाला बाग में हुए जघन्य हत्याकांड के दोषी को सात समुन्दर पर शहीद ऊधम सिंह जी के नाम पर कोई स्मारक या किसी भी पार्क या चौराहे का नाम महान शहीद के नाम पर करने की सरदार मनदीप सिह नागपाल, सन्नी गाबा, नक्षदीप सिह हुंदल, व हरविंदर सिह चावला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# धूमधाम से मना अमेनिटी स्कूल का वार्षिकोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अमेनिटी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह आनंदमय कार्निवल, 'फ्रॉस्टी टिकल' ध प्राचार्या सुश्री इंद्र त्रिपाठी, पाठ्यक्रम प्रोवोस्ट सुश्री गुरविंदर कौर सूरी ने कार्यक्रम का दीप जलाकर उदघाटन किया। रंगारंग बाद मॉम एंड डेड डांस और रोमांचक नाटक ने माहौल में चार चांद लगा दिए। करिकुलम प्रोवोस्ट द्वारा वार्षिक प्रस्तुति का आयोजन किया गया। तरह-तरह के रोमांचक खेल और लजीज पकवानों के स्टालों ने सभी को आकर्षित किया। पशुओं





ूमधाम से साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, विद्यालय के निदेशक सुभाष अरोरा, सुनीता अरोरा, कार्यक्रमों की शुरूआत गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद नन्हें-मुन्नों द्वारा बॉलीवुड गीतों के मिश्रण पर मनमोहक नृत्य प्रदर्शन किया। उसके और निदेशक के भाषण एवं मुख्य अतिथि के संबोधन ने स्कूल की महिमा और प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए इस दिन का महत्त्व दर्शाया। बाद में रंगारंग कार्निवाल के लिए सहानुभूति पर आधारित फीड द पेट स्टेशन का भी आयोजन किया गया। 2000 से ज्यादा लोग शीतकालीन मनोरंजन का लुत्फ उठाते नजर आए।

# तहसीलदार ने खनन कार्यों का किया निरीक्षण

बाजपुर (उद संवाददाता)। हाईकोट के आदेश पर कोसी नदी में मशीनों द्वारा उपखनिज निकालने पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है और मजदूरों द्वारा वाहनों को भरने का कार्य किया जायेगा। आदेश के बाद सोमवार को कोसी नदी में बक्शी घाट पर रामकिशोर के खनन पट्टे का मजदूरों द्वारा कार्य शुरू किया गया और रॉयल्टी मानकों पर वाहनों की निकासी शुरू की। एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी के निर्देश पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट और हल्का पटवारी राजेश कुमार ने खनन पट्टे पर पहुंचकर निरीक्षण किया और खनन पट्टे धारको को नियमानुसार चलाने के निर्देश दिए। वही खनन कारोबारियों ने कोसी नदी में पंखों द्वारा हो रहे अवैध खनन को लेकर तहसीलदार का घेराव किया। बाजार गेट के सामने कोसी नदी पार मुकंदपुर बेगमाबाद और निगम घाट से आगे तक खनन माफियाओं द्वारा अवैध रूप से पानी के पंखे लगाकर ट्रैक्टरों की मदद से अवैध रूप से खनन किया जा रहा है जिससे लगभग 40 से लेकर 70 फीट गहरे खड्डे हो गए हैं। जिसकी वजह से कोसी नदी का जलस्तर कम होता जा रहा है क्षेत्र में पानी की समस्याओं को लेकर लोगों में रोष देखने को मिल रहा है। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा उन पर किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही है। खनन कारोबारियों ने पानी के पंखे द्वारा अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। खनन कारोबारी कमर आलम ने तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट को बताया कि कोसी नदी पार बाजार घाट से लेकर निगम घाट तक खनन माफिया पंखों द्वारा रात दिन पानी के पंप लगाकर अवैध खनन कर रहे है। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा उन पर किसी भी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही है। खनन माफियाओं के साथ शासन-प्रशासन की मिली भगत देखने को मिल रही है। वही कुछ दिन पहले भी प्राथमिक विद्यालय में प्रदर्शनी चार्ट बनाकर कक्षा 5 में पढ़ने वाली छात्रा ने



एडीएम से रूबरू होकर कोसी नदी में हो रहे पंखों द्वारा अवैध खनन से जन मानस में आने वाली परेशानी से मुक्त होने को लेकर अवैध खनन पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने बताया कि कोसी नदी क्षेत्र में मशीनों द्वारा खनन करने पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है किसी भी कीमत पर मशीनों द्वारा खनन नहीं करने दिया जाएगा। जो लोग ट्रैक्टरों की मदद से कोसी नदी क्षेत्र में वाटर पंप लगाकर अवैध रूप से खनन कर रहे हैं उन खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा और उनके खिलाफ खनन अधिनियम एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। खनन माफिया को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा जो लोग लीगल तरीके से प्रशासन की सुकृति पर खनन करेंगे उन्हीं को ही खनन करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# न्याय की अवधारणा

किसी विवाद या अन्याय की स्थिति में व्यक्ति इंसाफ के लिए न्यायालय की शरण में जाता है। अदालतों में बैठे न्यायाधीश तथ्यों, तर्कों और सबूतों के आधार पर मामले में फैसला सुनाते हैं और उम्मीद की जाती है कि सही पक्ष को इंसाफ मिलेगा। लेकिन अगर खुद न्यायिक अधिकारी ही सबूत पेश करने के मामले में गड़बड़ी करने लगें और उसके आधार पर फैसला सुनाने लगें तो इससे न्याय की उम्मीद धूमिल होती है, न्यायालयों पर से भरोसा कम होता है। लक्षद्वीप के एक पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का जैसा आचरण सामने आया, वह न केवल न्याय की अवधारणा को खंडित, बल्कि हैरान करता है कि अगर न्यायिक अधिकारी गलत सबूत पेश करके मुकदमे का पक्ष तय करें तो इससे कैसा उदाहरण स्थापित होगा।मगर अच्छी बात है कि इस मामले के सामने आने पर केरल उच्च न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी मजिस्ट्रेट, न्यायाधीश और अन्य न्यायिक अधिकारी कानून से ऊपर नहीं है और उसे भी कर्तव्य में लापरवाही के मामले में परिणाम भुगतने होंगे। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने एक आरोपी को दोषी करार देने के लिए मुकदमे में कथित रूप से साक्ष्य थोपने के मामले में लक्षद्वीप के पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को निलंबित करने का आदेश दिया।आमतौर पर अदालतों में गलत तथ्य, झूठे गवाह और फर्जी सबूत पेश करके मुकदमे को प्रभावित करने की कोशिशें देखी जाती रही हैं। मगर यह माना जाता है कि न्यायाधीश इस स्थिति में कानूनी प्रावधान, प्रक्रिया और व्यवस्था के साथ-साथ अपने विवेक का प्रयोग करके सही और गलत का पक्ष तय करते और उचित फैसला देते हैं। इसके उलट अगर यह स्थिति हो कि खुद न्यायिक मजिस्ट्रेट ही किसी मामले में आरोपी को दोषी करार देने के लिए जाली सबूत गढ़ कर या साक्ष्य थोप कर जालसाजी करे, तो ऐसे मुकदमे में फैसले का अंदाजा लगाया जा सकता है।ऐसी स्थिति में अदालत का फैसला स्वाभाविक ही न्याय के हक में नहीं होगा। मुश्किल यह है कि ऐसे किसी एक मामले से भी समूची न्यायपालिका की छवि पर असर पड़ता है और लोगों के बीच यह धारणा बनती है कि कोई न्यायिक मजिस्ट्रेट जब इस तरह की कर्तव्यहीनता कर सकता है तो न्याय की उम्मीद लेकर कहां जाया जाए। इसलिए केरल हाईकोर्ट ने इस मामले में जो रुख अख्तियार किया, वह राहत देता है। इससे यह उम्मीद बरकरार रहती है कि गलत आचरण का आरोपी भले ही न्यायिक मजिस्ट्रेट क्यों न हो, वह न्याय की परिधि से ऊपर नहीं है।यों न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मसले पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। खासकर निचली अदालतों में इस समस्या की जटिलता को लेकर चिंता जताई जाती रही है। लेकिन अब भी इस दिशा में ठोस पहलकदमी सामने नहीं आई है, जिससे न्यायिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर पूरी तरह रोक लग सके। लक्षद्वीप के न्यायिक मजिस्ट्रेट के इस मामले को देखें तो एक पहलू यह है कि अदालत के किसी फैसले पर पूर्वाग्रह या निजी द्वेष का भी असर पड़ सकता है। सवाल है कि न्याय की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को क्या धन, सुविधा आदि के लोभ या फिर अपने पूर्वाग्रहों के आधार पर किसी मुकदमे का फैसला देने का अधिकार है? कोई भी न्यायाधीश सिर्फ कानूनी प्रावधान और प्रक्रिया से बंधा होता है और इसी सीमा में वह अपने विवेक का प्रयोग करके हर हाल में इंसाफ सुनिश्चित करता है। अगर उसकी किसी अवांछित मंशा की वजह से न्याय प्रभावित होता है, तो इससे उसकी योग्यता पर प्रश्नचिह्न लगेंगे।

# शांत वादी में हत्या की घटना से फैली सनसनी

## नौकोड़ी में चचेरे भाई ने की हत्या,गांव में मातम का माहौल

कपकोट।(उद संवाददाता)। बागेश्वर जिला देश प्रदेश में आपसी भाईचारा, अतिथि देवो भव: और शांति के लिए जाना जाता है।रविवार देर रात कपकोट तहसील क्षेत्र के नौकोडी, बमनखेत में हुई हत्या की घटना से जिले में सनसनी फैल गई है।जहा गांव में लोग देवी देवताओं को खुश करने आशीर्वाद बनाए रखने के लिए सामूहिक पूजा पाठ करवा रहे थे।पर एक विवाद में हत्या जैसी घटना ने गांव में मातम का माहौल बना दिया, और पूजा पाठ को शांति से निपटने के बजाय पूजा अर्चना को कभी न भूलने वाला इतिहास बना दिया। कपकोट पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव में आपसी विवाद में दो गुटों की आपसी कहासुनी के बाद एक व्यक्ति की मौत से बमनखेत गांव सहम गया।जहां गांव में संयुक्त देवता की पूजा अर्चना हो रही थी, वही गांव में एक ही परिवार के दो गुटों में कहासुनी इतनी हुई कि आपसी मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बीच बचाव में दो घायल हो गए।घटना में चचेरे भाई ने दूसरे चचेरे भाई की हत्या कर दी। जबकि मृतक के भाई व उसकी पत्नी घटना में घायल हो गए।मामले में मृतक का भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद घायल को सीएचसी





कपकोट में भर्ती किया गया जहा उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया है।सूत्रों के मुताबिक गांव में आयोजित पूजा के दौरान यह विवाद उपजा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची,और शव को कब्जे में लिया।पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नौकोड़ी के बमनखेत में रविवार की रात पूजा का आयोजन था। इसमें 29 परिवार के लोग शामिल थे। तभी गांव के लोग पूजापाठ की तैयारियों में व्यस्त थे, पर किसी को भी ये आभास नही था कि कोई पारिवारिक विवाद इतना बड़ा हो जाए की खूनी संघर्ष मौत में बदल जाए।इस दौरान दो चचेरे भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा की चंचल सिंह, महेश सिंह पुत्र जोहार सिंह ने शंकर सिंह, खुशाल सिंह पुत्र मोहन सिंह पर चाकू से वार कर दिया। इस हमले में शंकर सिंह की हत्या हो गई, जबकि खुशाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीच-बचाव में आई खुशाल की पत्नी सरूली देवी भी घायल हो गई। सूचना के बाद रात में पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने मामले हत्या में शामिल संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।वही घटना के बाद कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया और पूर्वजिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी भी मौके पर पहुँचे।

# अब स्मार्ट राशन कार्ड से फूड ग्रेन एटीएम से मिलेगा अनाज

देहरादून। खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि फूड ग्रेन एटीएम के इस्तेमाल से उपभोक्ता और सरकारी राशन विक्रेता के समय की बचत होगी। पर जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट राशन कार्ड होंगे, वही एटीएम का इस्तेमाल कर सकेंगे। सोमवार को नेहरू कालोनी स्थित सरकारी राशन की दुकान में लगाए गए फूड ग्रेन एटीएम का खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने निरीक्षण किया। उन्होंने राशन विक्रेताओं से वार्ता कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपभोक्ताओं से राशन की गुणवत्ता के बारे में पूछा। बताया कि एटीएम सुविधा मिलने से उपभोक्ताओं को लंबी कतार में नहीं लगना पड़ेगा। सरकार प्रदेश में संचालित हो रही राशन की दुकानों में एटीएम लगाने को प्रयासरत है। एटीएम में दाल, चावल व गेहूं के बाक्स बनाए गए हैं। उन्होंने जिला पूर्ति विभाग को उपभोक्ताओं को स्मार्ट राशन कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। प्रदेश सरकार सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों के जरिये चीनी व नमक उपलब्ध कराने की तैयारी में है। ये दोनों वस्तुओं निश्शुल्क दी जाएं अथवा रियायती दरों पर, इसे लेकर मंथन चल रहा है। केंद्र सरकार ने एनएफएसए के कार्ड धारकों को गेहूं व चावल मुफ्त देने का निर्णय लिया है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार इस प्रयास में है कि गरीबों को इसके साथ ही नमक व चीनी भी मुफ्त दी जा सके। खाद्य मंत्री रेखा आर्या का कहना है कि ये दोनों ही वस्तुएं स्थानीय निवासियों से जुड़ी है। ये उनकी मूल आवश्यकता से जुड़ा विषय भी है। इन वस्तुओं को गरीबों को उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रयास यह है कि वर्ष 2023 तक इस योजना को मूर्त रूप दिया जा सके जिला पूर्ति कार्यालय से सरकारी राशन विक्रेताओं को निर्देश जारी किए हैं कि निर्धारित तिथि तक गोदाम से राशन उठा लिया जाए।



# न्यू रिलायंस स्कूल में चार साहिबजादो को किया नमन

गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरु गोविंद सिंह जी के 4 साहिबजादों के शहीदी दिवस को वीर बाल शहीदी दिवस के रूप में मनाते हुए न्यू रिलायंस पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य सलविंदर सिंह कलसी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ तथा बच्चों ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि देश एवं धर्म की खातिर गुरु गोविंद सिंह द्वारा अपने चार पुत्रों, माता-पिता एवं अन्य शहीदों के बलिदान से हम धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा लेते हैं स उन्होंने सभी बच्चों से शहीदों के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर सुनैना चावला, भगवंत कौर, रिचा चावला, रुकसीन, इसराना, रेनू ,सिमरन एवं विक्रमजीत सिंह सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे।



# सितारगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए आयोजन कमेटी का गठन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। वर्ष के प्रथम दिन 1जनवरी से आयोजित होने वाले सितारगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु संचालन कमेटी का गठन किया गया।नगर के टैगोर नगर रोड स्तिथ भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष विश्वजीत हालदार के कार्यालय मे एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमे टूर्नामेंट के सम्बन्ध मे चर्चा किया गया। साथ ही सफल आयोजन हेतु संचालक कमेटी का गठन सर्वसम्मिति से किया गया।जिसमे,विश्वजीत हालदार अध्यक्ष,विक्की मण्डल उपाध्यक्ष,विक्रम भंडारी सचिव,निरंजन हीरा कोषाध्यक्ष, अमित बिश्वास उपसचिव,सोनू मण्डल संचालक बनाये गये। विश्वजीत हालदार ने जानकारी देते हुये कहा कि 1 जनवरी से 2023 से टूर्नामेंट शुरु हो जायेगा। मैच को यू टुब के ना06तपकमत चौनल पर लाइव दिखाया जायेगा व क्रिक हीरोस एप्प पर लाइव स्कोररिंग भी होगी।



# मीना ने छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष कुणाल गोस्वामी और छात्रा उपाध्यक्ष केशू दास ने उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर पहुंचकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने गर्मजोशी से दोनों ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया।इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में डिग्री कॉलेज की वरिष्ठ छात्रा अंकिता अधिकारी, यूथ कांग्रेस नेता निशांत शाही, पूर्व निगम पार्षद नदीम खान, निरोद अधिकारी, अरुण सिंह, अंकित दास ,राधे, शोभित, राकू सनातनी, मुकुल सक्सेना, विराट आर्य, विपिन श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, विकी यादव, ललित यादव, आकाश यादव, कपिल सहित बड़ी संख्या में अन्य छात्र उपस्थित थे।



# पर्यावरण को बचाने के उपायों पर चर्चा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।बंगो लोक भारती संच समिति की बैठक ग्रामसभा देवनगर में आयोजित की गई। इसमें संगठन के उद्देश्य के साथ ही प्राकृतिक खेती कर पर्यावरण को बचाने के उपाय पर भी चर्चा की गई। समिति के राष्ट्रीय सह संयोजक सुमंत विश्वास और प्रांतीय संयोजक संजय साहा ने संयुक्त रुप से बैठक का शुभारंभ किया। प्रांतीय संयोजक साहा ने बताया कि देश के 18 राज्यों में देशभक्त सनातनी बंगाली समुदाय विस्थापित जीवन जी रहे हैं। इन सभी को एक मंच पर लाकर उन्हें संगठित करना एवं उनकी समस्याओं का समाधान खोजना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रीय संयोजक सुमंत विश्वास ने जल, जंगल, जमीन एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तार वितरित किए गए। से जानकारी दी। उन्होंने जहरीले कीटनाशकों के प्रयोग से फसल एवं मानव शरीर को होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कचरा निवारण एवं घरेलू कचरे से प्राकृतिक खाद बनाए जाने की जानकारी दी। शक्तिफार्म संयोजक पंचानन मंडल ने कचरा निवारण डिब्बे का प्रदर्शन किया



और मौजूद थे। बैठक में उपस्थित लोगों को डिब्बे का वितरण भी किया। बैठक में उपस्थित लोगों को तुलसी के पौधे भी दिये गये। इस मौके पर दिवाकर हालदार, अमल मंडल, विजन बिहारी, निर्मल सरकार सुशील मंडल, प्रदीप साहा, कृष्ण शील, दीपक हालदार, शांति. रंजन भंडार, जयंत दास, विधान सरकार, परिणीता सरकार, विशाल विश्वास, राकेश हालदार आदि थे।

# हैप्पी न्यू ईयर कार्यक्रमों को लेकर आईजी भरणे ने दिए सख्त निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डॉ. नीलेश आनंद भरणे आईजी, कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा आगामी 31 दिसंबर आयोजित होने वाले हैप्पी न्यू ईयर कार्यक्रम नव वर्ष में यातायात एवं शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कुमाऊं मंडल के समस्त जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों व एडिशनल एसपी, क्षेत्राधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से गोष्ठी कर नव वर्ष हेतु अग्रिम तैयारी पर चर्चा की गई तथा उन्हें दिशा निर्देश दिए। आईजी ने समस्त अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारियों को आज ही फील्ड में जाकर व्यवस्थाओं का मुआयना कर आगामी नव वर्ष हेतु रूपरेखा तैयार करने की कहा। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था हेतु अधिकतम पुलिस बल लगाए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्थान सुनिश्चित कर बैरिकेट्स लगाए जाने तथाचेकिंग प्रारंभ कराए जाने, डायवर्जन/रूट प्लान तैयार कर आज ही सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने, टीआई के नेतृत्व में एंटी न्यूसेंस स्क्वाड तैयार कर अतिक्रमण, न्यूसेंस पैदा करने वाले कारकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने,फील्ड में ब्रीथ एनालाइजर का अधिकतम उपयोग किए जाने, होटल, ढाबों, रिजॉर्ट्स, होमस्टे आदि का निर्धारित चेकिंग कर सीसीटीवी कैमरे चेक करने, होटल, ढाबों, रिजॉर्ट, होमस्टे आदि में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का निर्धारित तरीके से अभिलेखीकरण किए जाने हेतु उनके मालिकों को सख्त निर्देश देने को कहा। इसके अतिरिक्त वांछित इनामी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत की गई कार्यवाही की पुलिस वीक के दौरान सराहना कर आगे भी और अधिक प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

# श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज में श्रद्धा के साथ मना वीर बाल दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज के नवनिर्मित आडिटोरियम में 'वीर बाल दिवस' मनाया गया। शुरुआत में महाविद्यालय परिवार एवं आए हुए अतिथियों द्वारा सुखमनी पाठ किया गया। तत्पश्चात् गुरु गोविन्द सिंह जी के चार साहिबजादों के विषय में आए हुए अतिथियों ने प्रकाश डाला एवं सभी छात्र-छात्राओं को 'चार साहिबजादे' डाक्यूमेंटरी फिल्म भी दिखाई गई।इस कार्यक्रम में श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स. दिलराज सिंह, प्रबंधक स. गुरमीत सिंह, श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज के प्रबंधक स. मंजीत सिंह मक्कड़, उपाध्यक्ष स. वीरपाल सिंह, उप प्रबंधक स. अमनदीप सिंह, स. रघुवीर सिंह, मुख्य ग्रँथि दर्शन सिंह महाविद्यालय के सलाहकार निदेशक स. ए. एस. चावला एवं संस्थान की प्राचार्या डॉ. भावना कपूर ने अपने सम्बोधन में सिखों के दशम गुरू श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार सुपुत्रों साहिबजादा अजीत सिंह जी, जुझार सिंह जी, जोरावर सिंह जी, फतेह सिंह जी और माता गुजरी जी के विषय मे लघु कथाओं के माध्यम से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का



संचालन छात्रा राखी ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता पाण्डे, विभागाध्यक्ष बी.एड. डॉ. नीरज जायसवाल, असमीत कौर सेठी, गौरव मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, संजय कुमार, डॉ. रजनी छिम्वाल, प्रिया गुप्ता, डॉ. रुपाली सक्सेना, परविंदर कौर, डॉ. नाजिया बानो, डॉ. अखिलेश सिंह,आनन्द राम,आँचल जुनेजा, खीमानन्द बिनवाल,डॉ. प्रीति अरोड़ा,रवि कुमार, एकता, अखिलेख खरे, सिमरन पाल सिंह चौहान, सर्वजीत कौर सहित सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में दक्ष स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।सिकाई इण्डिया के तत्त्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी के आडिटोरियम में अयोजित हुई 15 वीं यूनिवर्शल चैलेंजर्स ट्रॉफी, सिकाई ऑल इंडिया कराटे चौंपियनशिप 2022 में दक्ष स्पोर्टस अकेडमी नानकमत्ता के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी नानकमत्ता साहिब का मान बढ़ाया। मुख्य प्रशिक्षक सिहान किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि सिकाई इण्डिया के अध्यक्ष हांसी नरेंद्र चौहान एवं महासचिव सिहान हिमांशु कुलेठा के दिशा निर्देशन में अयोजित हुई 15 वीं यूनिवर्शल चौलेंजर्स ट्रॉफी, सिकाई ऑल इंडिया कराटे चौंपियनशिप 2022 में दक्ष स्पोर्टस अकेडमी नानकमत्ता के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयुवर्गों की कुमिते स्पर्धा में 5 स्वर्ण 4 रजत पदक और 4 कांस्य पदक सहित कुल 13 पदक जीते। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से नानकमत्ता साहिब में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में आरव डांगी, अमन सिंह, रोहन रंसवाल, रोहित भट्ट,



बब्लू सिंह ने स्वर्ण पदक, पारस चंद, सुमित शर्मा, लक्ष्मी सामंत, विक्रम सिंह ने रजत पदक, शिवतेज मान सिंह, सूरज भट्ट, रिया कुँवर, पवनजीत सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किए। और आगे सिहान किशोर ने कहा कि प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से 15 राज्यों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयुवर्गों की स्पर्धा में प्रतिभाग किया। इस उपलब्धि पर एकेडमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेड़ा, इंद्रपाल मान ( गोल्डी), राजीव राणा, ऋषिपाल भारती, कंचन बसेरा, लक्ष्मी सामंत, जसोद मेहता, पीयूष गुप्ता ( केजीएम) सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राजस्व उपनिरीक्षक का स्थानांतरण रोकने के लिए प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। काफलिगैर तहसील के राजस्व क्षेत्र असों के राजस्व उप निरीक्षक का स्थानांतरण अन्यत्र होने पर क्षेत्र के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। स्थानांतरण रोकने की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने प्रदर्शन किया। राजस्व उपनिरीक्षक का तबादला रोकने की मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। काफलिगैर तहसील के धुराफाट क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और



ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुँचे। यहां कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि काफलीगैर तहसील के अंतर्गत राजस्व क्षेत्र असों में तैनात उन निरीक्षक तारा दत्त पाठक का स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था का बेहतर ढंग से पालन करवाया है। जनहित और राजस्व कार्यों में उनका योगदान सराहनीय है।उनके द्वारा सभी लोगों की समस्याओं का समय से निराकरण किया जाता है।उन्होंने कहा कि जिले में अन्य स्थानों में भी राजस्वनिरीक्षकों की तैनाती है,कई स्थानों में लंबे समय से राजस्व उपनिरीक्षकों की तैनाती है। जबकि अभी कुछ ही वर्ष होने के बाद भी यहाँ तैनात उपनिरीक्षकों के तबादले कर दिए गए है।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने इसे क्षेत्र की उपेक्षा होने का अपमान बताया। जबकि विभागीय नियमावली में यदि स्थानांतरण होता है तो इसके लिए समान नीति होनी चाहिए।उन्होंने राजस्वउप निरीक्षक का तबादला तत्काल रोकने की मांग की।तबादला रोकने की मांग करने वालों में ग्राम प्रधान सिमतोली दीपा देवी, पाना के गोपाल मेहता के अलावा बोहाला, तरमोली, असों, पाना के ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य ग्रामीण आदि शामिल हैं।

# बिना सत्यापन नगर में लग रहे फेरी फड़

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नगर क्षेत्र में बाहरी फड़ व्यवसाईयों को बिना किसी सहमति के फड़ लगाना व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों को चुभ गया। व्यापार मंडल द्वारा पूर्व में भी प्रस्ताव पारित करने के बाद बिना पूर्व सत्यापन के फेरी लगाना फड़ व्यवसाईयों और मकान मालिक के लिए महंगा पड़ सकता है। व्यापारियों ने नगर में फड़ लगाकर फल और अन्य सामग्री बेच रहे कुछ फड़ व्यवसाई दिखे।)यापारियों ने तत्काल बाहरी व्यवसाईयों से नगर में व्यवसाय और किराए और पुलिस का सत्यापन मांगा, जिसके बाद फड़ व्यवसाईयों ने कोई सत्यापन नही होने की बात कही जिस पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का पारा चढ़ गया। व्यापारी पदाधिकारियो ने बिना अनुमति और बगैर सत्यापन के फड़ लगाने वाले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।जिसजे बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कोतवाली पुलिस को ऐसे मनमानी कर फड़ लगाकर व्यापार करने वाले फड़ व्यवसाईयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की प्राथमिकी पुलिस को दी है।प्राथमिकी देने वालों में राहुल साह सह सचिव जगदीश कार्की कोषाध्यक्ष,हरीश सोनी,बब्लू जोशी,तिलक तिवारी,हरीश कोरंगा, विजय परिहार आदि मौजूद थे।मामले में कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि व्यापारियों की शिकायत के बाद बाहरी फड़ व्यवसाईयों



का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है,वही खाद्य अभिहित निरीक्षक द्वारा गुड़ और फलों के सेंपल भी भरे गए है वही उन्हें सुरक्षात्मक दृष्टि देखते हुए वापस लौटने की बात कही गई है।

# खेल कूद प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ

अल्मोड़ा। नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक तिवारी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे युवाओं को प्रोत्साहित किया तथा आगे बढ़ने की सीख दी। वही जिला युवा अधिकारी दिवाकर भाटी एवं जिला खेल अधिकारी अरुण बंगाल ने युवाओं को आगे बढ़ने तथा बढ़-चढ़कर खेलकूद में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान दौड़, बैडमिंटन, रस्साकशी, टेबल टेनिस आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 1500 मीटर में प्रथम दीक्षा मेहरा, द्वितीय सलोनी, तृतीय दीपशिखा कार्की तथ 3000 मीटर में प्रथम सागर, द्वितीय बिरेंद्र सिंह, तृतीय हिमांशु, प्रथम आदित्य, द्वितीय सुमित व तृतीय गौरव भट्ट बैडमिंटन में रहे।

# अल्मोड़ा पुलिस ने पर्यटक को कोरियर से महाराष्ट्र भेजा खोया हुआ बैग

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। महाराष्ट्र से घूमने के लिए आये पर्यटक का बैग मोहान के पास गुम हो गया था। जिसे पुलिस ने बरामद करने के बाद कोरियर से उसके मालिक तक पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की। पर्यटक ने महाराष्ट्र से वीडियो संदेश भेजकर मित्र पुलिस के इस कार्य की सराहना की है। जानकारी के अनुसार लातुर महाराष्ट्र निवासी मनीष हुकुम चन्द्र कलंत्री कुछ दिन पूर्व अपने परिवार सहित उत्तराखण्ड घूमने आये थे। इस बीच वह भतरौजखान क्षेत्रान्तर्गत स्थित एक रिजार्ट में रुके थे। महाराष्ट्र वापस जाते समय उनका ट्राली बैग वाहन के कैरियर से गिर गया था। एक स्थानीय व्यक्ति ने मोहान के पास सड़क पर एक ट्राली बैग लावारिश हालत में होने की सूचना भतरौजखान पुलिस को दी। भतरौजखान पुलिस ने तत्काल ट्राली बैग को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली तो बैग के अन्दर कीमती ब्राण्डेड कपड़ों सहित एक आधार कार्ड मिला आधार कार्ड से बैग स्वामी का पता लगाना संभव नही हो पा रहा था, जिस पर थानाध्यक्ष निरीक्षक संजय पाठक ने पर्यटक के थाना क्षेत्र के होटल रिजार्टों में ठहरे होने की संभावना के दृष्टिगत कर्मचारियों को थाना क्षेत्र के सभी होटल रिजार्ट में उनकी जानकारी प्राप्त करने हेतु भेजा। काफी खोजबीन करने के बाद कांस्टेबल संदीप सिंहने पर्यटक मनीष हुकुम चन्द्र कलंत्री के एक रिजार्ट लेबुआ में रुके होने की जानकारी प्राप्त की। रिजार्ट से उक्त पर्यटक का मोबाइल नम्बर व अन्य जानकारी प्राप्त कर उनसे सम्पर्क किया गया तो उन्होंनें बताया कि कीमती ट्राली बैग में उनके व बच्चों के कीमती/ ब्राण्डेड कपड़े थे। बैग के गाड़ी से गिर जाने पर वह काफी परेशान थे और बैग वापस पाने की उम्मीद खो चुके थे। इस पर थानाध्यक्ष भतरौजखान के निर्देश पर कांस्टेबल संदीप सिंह ने उक्त ट्राली बैग को कोरियर के माध्यम से भेजने की व्यवस्था की। ट्राली बैग कोरियर से सही सलामत प्राप्त होने पर बैग स्वामी ने कांस्टेबल संदीप सिंह व अल्मोड़ा पुलिस का शुक्रिया अदा किया और एक अंजान बैग को अथक प्रयासों के बाद हजारों मील दूर सही सलामत पहुंचाने पर उत्तराखंड पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा की।

## पेज एक का शेष...

**दिनेशपुर में पकड़ा..**प्रजाति के कछुओं की बरामदगी सम्बन्धी प्रकरणों में उत्तराखण्ड पुलिस की यह सबसे बड़ी कार्यवाही है। पकडे गये तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह एटा, मैनपुरी उत्तर प्रदेश से कछुए लाकर गांव-गांव में जाकर हजार रूपये प्रति किलो में बेचते थे। इनके द्वारा कछुओं की तस्करी हेतु लग्जरी वाहनों का प्रयोग किया जाता था ताकि रास्ते में बैरियरस, चैकपोस्ट पर रोका न जाये। इस बार भी अभियुक्तगण एटा, मैनपुरी उ0प्र0 से अनेक बार्डर, बैरियर, चैकपोस्ट को पार कर गये थे जिनको थाना दिनेशपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय, उपनिरीक्षक नवीन जोशी,हेड कांस्टेबल भगत सिंह पांगती, कांस्टेबल विनोद कुमार, कुलदीप शाह, प्रमोद कुमार आदि शामिल थे।

**सीएम ने दिया..**तेजी से विस्तार हो रहा है। राज्य में नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, अपर जिलाधिकारी श्री के के मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी श्री जसपाल चौहान, जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ. राहुल सचान उपस्थिति थे।

**कार खाई में गिरने से ..**तहसील ,कर्णप्रयाग, जिला, चमोली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर थाना कर्णप्रयाग द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित कराया गया कि गैरसैण मार्ग के पास एक वाहन खाई मे गिर गया है । सूचना पर एसडीआरएफ टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया।टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए 200 मीटर नीचे गहरी खाई मे उतरकर वाहन तक पहुँच बनायी। टीम ने स्ट्रेचर बोर्ड के माध्यम से शव को खाई से बाहर निकालकर जिला पुलिस को सुपुर्द किया गया। एसडीआरएफ टीम में मुख्य आरक्षी रतन शाही , आरक्षी विकास रावत, विकास कुमार ,हर्ष लाल ,दीपक कुमार ,राजेंद्र सैलानी ,पैरामेडिक्स कमल सिंह, चालक भूपेंद्र आदि शामिल रहे।

**गैंगस्टर का एक और..**काशीपुर व जसपुर थाने में चोरी और गैंगस्टर के मामले दर्ज है। कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए एएसपी काशीपुर ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुरस्कार घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए गठित टीम ने मूल रूप से मोहल्ला कस्सावल, थाना किरतपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश तथा हाल कैलाशपुर गागलहेड़ी सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी गैंगस्टर के वांछित इनामी अभियुक्त रहीस उर्फ भूरा पुत्र सलीक को सहारनपुर के गागलहेड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया इनामी इतना शातिर है कि उसने कानून से बचने के लिए पैतृक गांव को छोड़ दिया और सहारनपुर में एक दूध की डेरी में काम करने लगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार वांछित पशु चोरी कर शातिर अपराधी है। उसके तथा उसके साथियों के खिलाफ कुंडा जसपुर काशीपुर कोतवाली में चोरी व गैंगस्टर जैसे संगीन मामले दर्ज है। बताया यह भी गया कि गिरफ्तार वांछित के एक साथी शमीम उर्फ काला पर 15 हजार का इनाम घोषित है। जिसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही काला को भी सलाखों के पीछे किया जाएगा।

**फर्जी आधार कार्ड ..**चलाता है। इसके तहत कुछ दिन पूर्व एक नेपाली नागरिक दिलबहादुर को तैयार कर दस्तावेज बनाने के लिए सीएससी एपेटाइड सेन्टर एम्स रोड ऋषिकेश पर भेजा गया। सीएससी सेंटर का मालिक लक्ष्मण कुमार सैनी 10 हजार रुपए में दिलबहादुर नेपाली नागरिक का फर्जी आधार कार्ड और फर्जी वोटर आइडी कार्ड बनाने के लिए तैयार हो गया। 26 दिसम्बर को आरोपित ने दिलबहादुर का पौड़ी के किसी गांव का वोटर कार्ड बना दिया गया और आधार कार्ड के लिए फॉर्म भर दिया गया। एसटीएफ ने दबिश देकर आधार सेंटर से लक्ष्मण सिंह सैनी निवासी मीरानगर मार्ग गली न0. 11 ऋषिकेश के साथ दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। सेंटर से 68 आधार कार्ड, 28 वोटर आइकार्ड (जिनमें 03 नेपाली नागरिक के भारतीय वोटर आइडी कार्ड हैं) और 17 पैन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बरामद हुए। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में लक्ष्मण सिंह सैनी के अलावा बाबू सैनी निवासी मीरानगर मार्ग गली न0. 11 ऋषिकेश,भरत सिंह उर्फ भरदे दमई निवासी गेहतमा जिला रूकुम दाबिश ऑचल राफल, नेपाल, हाल निवासी धारीदेवी कलियासौढ़ शामिल हैं।

**कोरोनासे निपटने के लिये..**अधिकारी युगल किशोर पंत की देख रेख में मॉक ड्रिल से व्यवस्थाओं को परखा गया। इस दौरान चिकित्सा व्यवस्थायें चुस्त दुरूस्त नजर आई। डीएम ने कहा कि मॉड ड्रिल में परखी गयी व्यवस्थाओं की रिपोर्ट शासन को भेजी जायेगी। जो कमियां सामने आयी हैं उन्हें दूर किया जायेगा।


### नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 03 क्रमांक 222 पर श्री प्रेमनाथ पुत्र कर्मचन्द का नाम अंकित है, श्री प्रेमनाथ व उनकी पत्नी की दिनांक 05/12/2010, 30/12/2019 को मृत्यु हो चुकी है एवं एक पुत्र मनीष कुमार की भी दिनांक 14/04/2022 मृत्यु हो चुकी है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार गृहकर अभिलेखों में मनोज कुमार ,संजीव कुमार पुत्र स्व0 प्रेमनाथ व श्रीमता शशी रानी पत्नी स्व० मनीष कुमार के नाम से गृहकर अभिलेखों में पत्रावली प्रस्तुत कर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है व गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 10 क्रमांक 157 पर शकीला पत्नी रहीस अहमद का नाम आकत है। शकीला की मृत्यु दिनांक 05/08/ 2021 को हो चुकी है। शकीला की मृत्यु उपरान्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में शाह रऊफ अहमद, शमशाद अहमद पुत्र रहीस अहमद व लईक अहमद, तौफीक अहमद तौसीफ अहमद तौकीर अहमद पुत्र दिलशाद अहमद के नाम से गृहकर अभिलेखों में नामातरण के लिये प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ती पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद किसी आपत्ती पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

-अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद,गदरपुर

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम दुख्तर जहां (DUKHTAR JAHAN)था। अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके दुख्तर बेगम (DUKHTAR BEGAM) रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे सभी के द्वारा दुख्तर बेगम (DUKHTAR BEGAM) पत्नी अमीर दुला के नाम से ही सम्बोधित किया जाये।

**दुख्तर बेगम पत्नी श्री अमीर दुला**
**निवासी- वार्ड नं. 4, भदईपुरा,**
**पहाड़गंज, रूद्रपुर( ऊधमसिंह नगर )**



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा Online से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कही ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)